# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024




**खबर संक्षेप**

## महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विशेष सामान्य सभा आज

**रायपुर।** महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विशेष सामान्य सभा 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे रखी गई है। नाट्य मंडल के पदेन अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने विशेष सामान्य सभा के संदर्भ में कहा कि आगामी हफ्तों और महीनों में महाराष्ट्र मंडल में महाराष्ट्र नाट्य मंडल की नाट्य गतिविधियां बढ़ेंगी, जैसे 19 और 20 अक्टूबर को मराठी सोहला (मेला) में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के बीच महाराष्ट्र नाट्य मंडल के योगदान पर चर्चा होगी। नाटक 'भानगड़ पहावी लपवून' के दीपावली के बाद नवंबर माह में दोबारा मंचन और वृहन्न महाराष्ट्र मंडल के 10 व 11 जनवरी 2025 को होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मराठी नाट्य मंचन की संभावना पर चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा नाट्य कार्यशाला व शिविर जैसी अन्य गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों को लेकर भी महाराष्ट्र नाट्य मंडल के पदाधिकारी व सामान्य सदस्य आपस में विमर्श करेंगे।

## झेरिया सामाजिक भवन का उद्घाटन आज

**भिलाई।** झेरिया समाज अहिवारा परिक्षेत्र की बैठक ग्राम पिटौरा के सरपंच भी उपस्थित में संपन्न हुई। बैठक में ग्राम पिटौरा में सामाजिक भवन के उद्घाटन समारोह पर चर्चा हुई। आयोजन 5 अक्टूबर दिन शनिवार को करने का निर्णय लिया गया। इसमें विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, अहिवारा के पालिका अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन में सतीश साहू, लिमन साहू, अनुज साहू, मंगल यादव, अश्वनी यादव, राजेश यादव, प्रकाश यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

**पेज 11 के शेष**

### छायाचित्र प्रदर्शनी में ...

कि युवा शक्ति को भी बखूबी बताया गया है। किसानों से समर्थन मुख्य पर धान ख़रीदी के साथ बकाया धान बोनस का भुगतान, महतारी वंदना, भगवान श्री रामलला के दर्शन, आदि योजनाओं को रंगीन छायाचित्र और स्लोगन,जानकारी के साथ दर्शाया गया है। स्कूली बच्चे और आम नागरिक इस प्रदर्शनी की सराहना कर रहे हैं। छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने कहा कि मय आंकड़ों के साथ जानकारी उपयोगी है। छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए तुलेश्वर, लोकेश, राजीव योजनाओं की तारीफ़ की। प्रदर्शनी में वितरित की जा रही सामग्री को भी उपयोगी बताया। राज्य के ग़रीब महिलाओं को महतारी वंदना योजना से मिलने वाले 1000 रुपये उनके लिए बहुत उपयोगी है। महतारी वंदना योजना सराहनीय है।

### सेवानिवृत्ति पर ...

विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी आवश्यकता होगी सेवानिवृत्ति के बाद भी शाला की विकास में हर संभव सहयोग व मार्गदर्शन करने के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य आरजी चंद्राकर, शिक्षकगण विनोद कुमार साहू, तुषार सर्वे, विभा विश्वकर्मा, प्रकृति शर्मा, पूजा मिश्रा, अनिल खंडे, प्रहलाद धृतलहरे, खुशबू साहू, माधुरी साहू, अनीता कुर्मी, जानवी शर्मा, समीर यादव, आशीष तिवारी, प्रवीण ठाकुर, शुभम पांडे, वेदिका साहू, विद्यार्थियों एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों का सरहनीय योगदान रहा।

### श्रमिक कल्याण ...

नहीं उठा पाते। इस एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से संबंधित वृहद जानकारी होगी। ज़िला मुख्यालय में लगायी गयी प्रदर्शनी को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रचार सामग्री भी निःशुल्क वितरित की जा रही है।

# यूटीएस एप से ऑनलाइन जनरल टिकट बुक करने पर एक साल और मिलेगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

मोबाइल यूटीएस एप से जनरल और प्लेटफार्म टिकट बुक करने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत का बोनस मिलता रहेगा।

रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधा के लिए आर-वालेट के प्रत्येक रीचार्ज पर मिल रहे तीन प्रतिशत के बोनस को 24 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया है। यात्री बोनस के साथ स्टेशन से 50 किमी दूर से भी जनरल और प्लेटफार्म टिकट बुक कर सकते हैं। मोबाइल यूटीएस एप पर मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण भी हो जाता है। किराये के भुगतान के लिए मोबाइल यूटीएस एप पर आर-वालेट, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआइ की सुविधा प्रदान की गई है।

मोबाइल यूटीएस एप की सुविधा दपूमरे रेलवे के स्टेशनों पर मिलनी आरंभ हो गई है। यूटीएस की सुविधा से यात्रियों को जनरल टिकट के लिए काउंटरों के सामने लंबी लाइन में खड़ा होने की जरूरत नहीं पड़ती।

- आर-वालेट के प्रत्येक रीचार्ज पर मिल रहे तीन प्रतिशत के बोनस को 24 अगस्त तक बढ़ाया गया




### टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड की भी सुविधा

मोबाइल यूटीएस एप के अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के सभी टिकट काउंटरों, आरक्षित और अनारक्षित पर किराए के ऑनलाइन भुगतान के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। यात्री अपने मोबाइल फोन के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई, बैंकिग ऐप, ई वालेट आदि से भुगतान कर टिकट खरीद सकेंगे। यात्री किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यात्री रेल मदद या हेल्प लाइन नंबर 139 पर मदद मांग सकते हैं। मोबाइल यूटीएस एप के माध्यम से टिकट बुक करने के लिए प्ले स्टोर से यूटीएस एप इंस्टाल कर रजिस्टर करना होगा। यात्री घर बैठे टिकट बुक कर सकते हैं।

## रायपुर से अभनपुर तक न्यूनतम किराए मात्र 30 रुपए में कर सकेंगे सफर

# दीपावली में रायपुर से अभनपुर तक दौड़ेगी पैसेंजर, स्टेशन का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

रायपुर से अभनपुर तक ट्रेन चलाने का इंतजार अब खत्म होता दिख रहा है। यात्री अब दीपावली से ट्रेन के जरिए सीबीडी,(नवा रायपुर) और केंद्री से होते हुए अभनपुर जा सकेंगे। रेलवे बोर्ड से ट्रेन शुरू करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के बाद अब रायपुर मंडल ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सीबीडी स्टेशन में एनआरडी और रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम अंतिम चरण में हैं। केंद्री और अभनपुर रेलवे स्टेशन पूरी तरह तैयार हो चुका है।

सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि ट्रेक की जांच पिछले साल नवा रायपुर से मंदिर हसौद के बीच 120 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन चलाकर की गई थी। जांच में ट्रेक को सही पाया गया था। इस वजह से ट्रेन चलाने में कोई दिक्कत नही होगी। परिचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा दृष्टि से मंडल स्तर पर पटरियों की जांच की जाएगी। ट्रायल ट्रेन चलाने के बाद ही नियमित ट्रेन चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सीबीडी स्टेशन में आवश्यक यात्री सुविधा को लेकर कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। दीपवाली में यात्रियों को अभनपुर तक ट्रेन की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।

**पटरियों की जांच के बाद होगा परिचालन**

### प्लेटफार्म पर आधुनिक यात्री सुविधाएं

छोटी रेललाइन खत्म होने के लगभग 9 साल बाद रायपुर से अभनपुर तक नियमित ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे यात्रियों को स्टेशन में आधुनिक सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है। प्लेटफार्म पर डिस्प्ले, पंखे, वेटिंग रूम, अनाउंसमेंट, रेस्त्रां समेत पार्किंग व अन्य सुविधाएं मिलेगी। केंद्री और अभनपुर की तुलना में सीबीडी का स्टेशन बड़ा है। अभी फिलहाल ट्रेनों का परिचालन एक ही प्लेटफार्म से होगा। रेलवे प्रशासन इसी महीने तीनों स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेकर अधूरे कार्य को पूरा करने में जुट गया है। रायपुर से अभनपुर का सफर तय करने में एक घंटे से भी कम समय लगेगा। स्टेशनों पर 5 से 10 मिनट का स्टॉपेज मिलेगा। यात्री बस से भी कम किराए में सफर कर सकेंगे।




- रेलवे बोर्ड से मिली हरी झंडी, पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के बाद रेलवे चलाएगा नियमित ट्रेन
- रायपुर से मंदिर हसौद होते हुए सीबीडी और केंद्री से अभनपुर जाएगी मेमू ट्रेन

### दीपावली से ट्रेन चलाने की उम्मीद

रायपुर से अभनपुर तक ट्रेन जल्द शुरू होगी। पटरियों की जांच और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम इसी महीने पूरा किया जाएगा। पूरी उम्मीद है कि दीपावली पर यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम

### न्यूनतम किराए का मिलेगा लाभ

रेलवे ने लगभग 50 किलोमीटर तक ट्रेन में सफर के लिए न्यूनतम किराया 10 रुपए तय किया है, जिसका फायदा यात्रियों को रायपुर से अभनपुर आने पर मिलेगा। दोनों की बीच दूरी 30 किलोमीटर है। वर्तमान में नवा रायपुर जाने वाले यात्री सिटी बस या फिर प्राइवेट वाहन से आना-जाना करते हैं। रायपुर से नवा रायपुर तक सिटी बस का किराया 45 रुपए है। वहीं मेमू का किराया रेलवे ने 10 रुपए तय किया है। इससे यात्रियों को 35 रुपए की बचत होगी। रेलवे ने इस लाइन पर 250-250 मीटर का लंबा रेल पैच बिछाया है। इसमें ज्वाइंट कम हैं, जिससे यात्रियों का सफर आरामदायक होगा और धक्के नहीं लगेंगे। नवा रायपुर मंत्रालय जाने वाले यात्री केंद्री स्टेशन से उतरकर मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय सहित अन्य जगह आसानी से जा सकेंगे।

# जांच टीम को स्कूलों से गायब मिले शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सहायक जिला प्रोग्राम समन्वयक भूपेन्द्र कुमार साहू व इमरान अब्दुल खान ने स्कूलों का औचिक निरीक्षण किया। वे शुक्रवार सुबह 10.50 बजे शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी पूर्व माध्यमिक शाला थान खमरिया पहुंचे, जिसमें 3 शिक्षक में से एक शिक्षक बलवंत सिंह कचलामे संकुल समन्वयक हस्ताक्षर कर रोज की तरह 10.50 बजे से ही गायब थे तथा अन्य 2 शिक्षक आफिस में गप मारते हुए मिले। पढ़ने वाले बच्चों के अनुसार कोई भी शिक्षक ठीक से पढ़ाई नहीं कराते हैं। पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी तरह से ठप हैं। डेली डायरी तथा अन्य रजिस्टर अधूरा है। बच्चों की कॉपी की भी जांच नहीं की जा रही हैं। स्कूल में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 133 है, परंतु उपस्थिति बहुत कम मात्र 64 बच्चों की ही उपस्थिति थी। शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरमपुरी का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें समस्त तीनों शिक्षक अपने स्कूल में उपस्थित थे। परंतु 28 बच्चों में से 23 की उपस्थिति से मिडिल स्कूल में तीनों कक्षा के बच्चों को एक ही कक्ष में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रहा थी। इसे तत्काल अलग अलग कक्षाएं 6 वी, 7 वीं, व 8 वीं में अलग बैठाकर पढ़ाई कराने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री पोषण आहार मध्यान्ह भोजन केंद्र की एक अति महत्वपूर्ण योजना है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरमपुरी में 1 अक्टूबर से आज पर्यन्त तक बंद है। जिसकी सूचना उच्च कार्यालय को किसी के भी तरफ से नहीं दी गई है। संकुल समन्यवक बलवंत सिंह कचलामे के द्वारा भी अपने संकुल क्षेत्र के आश्रित अन्य स्कूलों का निरीक्षण नहीं किया जाता है। इससे यह प्रतीत होता है कि किसी के भी मन मे स्कूल के प्रति जवाबदेह नहीं है। समस्त अनुपस्थित व अपने कर्तव्य के प्रति उदासीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- कर्तव्य के प्रति उदासीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

# नवाचारी शिक्षिका शीतल को टीएलएम में मिला स्थान




**बेमेतरा।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रदेश के नवाचारी शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचारी गतिविधियों को संकलित कर प्रतिमाह चर्चा पत्र का प्रकाशन किया जाता हैं। ताकि प्रदेश के अन्य शिक्षक आपस में अकादमिक चर्चा के माध्यम से उन नवाचारों को अपने अपने शाला में लागू कर सके। इस माह का चर्चा पत्र जादुई पिटारा पर आधारित है। जादुई पिटारा एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा अनुसंशित व निर्मित है।

इसे ही छत्तीसगढ़ के सन्दर्भ में स्थानीय सामग्रियों को सम्मिलित करते हुए अपने शाला में उपयोग करना है। इस माह के चर्चा पत्र में बेमेतरा जिले से नवागढ़ विकासखण्ड से टीएलएम स्मार्ट शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा की नवाचारी व सक्रिय शिक्षिका शीतल बैस के टीएलएम को स्थान दिया गया है। पूर्व में भी शिक्षिका के नवाचार को राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के शिक्षा के गोठ में स्थान मिल चुका है। शिक्षिका द्वारा संख्याओं का खेल को जादुई पिटारा में शामिल किया गया है। इस खेल के माध्यम से शिक्षिका द्वारा बच्चों को गणितीय संक्रियाओं जैसे इकाई दहाई सैकड़ा हजार पर समझ बनाना, अंको व शब्दों में लिखना, जोड़ना, घटाना, को सरलता के साथ सिखाया जाता है। बच्चों को पढ़ाते हुए यूट्यूब के माध्यम से विशेष क्रियाकलाप का प्रदर्शन एवं अध्यापन पदार्थ भी उपलब्ध कराती हैं, ताकि बच्चे आसानी से पुनरावृत्ति कर सकें। अध्यापन के साथ ही अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन कमजोर बच्चों को स्तर में लाने के लिए भाषाओं एवं गणितीय कौशल के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहती है। नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जा चुका है।

# बारह महीना तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प



**बेमेतरा।** एथेनॉल प्लांट बंदी धरना 12 दिन भी जारी रहा और 12 महीने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया गया। यह भी बताया गया है कि कल आंदोलन स्थान पर विधायक नहीं आते हैं तो प्रदर्शनकारी विधायक के घर जाएंगे। आंदोलनकरियों ने साफ कहा है कि यह आंदोलन विधायक के आदेश पर प्रारंभ किया गया है। अगर विधायक नेतृत्व नहीं करते है तो यह सामूहिक नेतृत्व में चलेगा।

## ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य 7 को आएंगे राजधानी

**रायपुर।** ज्योतिष्ठपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 7 अक्टूबर को राजधानी आएंगे। गोध्वज स्थापना भारत परिक्रमा पर निकले शंकराचार्य का आगमन सड़क मार्ग से होगा और वे बोरियाकला के शंकराचार्य आश्रम में अल्प विश्राम करेंगे। इसके बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद कमलविहार में शंकराचार्य चौक पर गोध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। शंकराचार्य आश्रम के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि शंकराचार्य महाराज गोरक्षा और संरक्षण के लिए जनजागरूकता का आव्हान करने भारत परिक्रमा पर निकले हैं। इसी कड़ी में 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कमल विहार गेट के सामने गोध्वज पूजन किया जायेगा।

# धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बसना में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक बसंत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवरात्रि के पहले दिन माता शक्ति की उपासना का आह्वान किया।

श्री अग्रवाल ने माता की शक्ति का श्लोक, या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः का उल्लेख करते हुए कहा कि शक्ति हर जीव में विद्यमान है। इसका सही उपयोग हमें दैवी गुणों से भर देता है, जबकि इसका दुरुपयोग हमें आसुरी बना सकता है। उन्होंने सभी से अपने भीतर के सद्गुणों को निखारने और शक्ति का सदुपयोग करने का आह्वान किया। देश में एकता, स्वतंत्रता और समानता के महत्व पर जोर देते हुए अग्रवाल ने कहा कि अग्र कूल में जन्म लेना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी को अपने समाज, धर्म और संस्कृति के बारे में जानने और उसे अपनाने का आह्वान किया। बसंत अग्रवाल ने बताया कि जब अधर्मियों ने जब लगातार हिन्दुओं की शिखा काटी तब सिक्ख धर्म की स्थापन हुई जो कि सबसे मजबूत हिन्दू माना गया। अग्रवाल ने बसना विधायक संपत अग्रवाल के लिए कहा कि वे धर्म और सनातन संस्कृति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

# पालकों ने देखी तीमाही परीक्षा की कापी

## पिपरिया स्कूल में पालक शिक्षक मेगा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




पालक शिक्षक मेगा बैठक स्कूल स्तरीय का आयोजन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया में किया गया। इसमें त्रैमासिक परीक्षा फल परिणाम पालकों को बताया गया एवं साथ में सभी पालकों को उसके बच्चे का पेपर दिया गया। जिसका पालकों ने अवलोकन किया और बच्चों की गुणवत्ता को समझा।

शिक्षकों से चर्चा करके बच्चों का और कैसे सिखाया जाय इस पर अपनी बात रखी। पालक शिक्षक मेगा बैठक की मुख्य अतिथि कमलेश गायकवाड़ संकुल प्राचार्य केहका युवराज साहू संरपच रहे। मेगा बैठक पूणर्तः शिक्षा पर आधारित रही, जिसमें सबसे पहले पालकों द्वारा अपने बच्चों का त्रैमासिक पेपर देखा गया, उसके बाद बच्चों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। इसमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत एवं अन्य गतिविधियां का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया। जिसे देखकर पालक बहुत खुश हुए और सरहानीय कार्य बताया। उसके बाद शिक्षकों द्वारा पालको से चर्चा की गई। जिसमें सर्वप्रथम डोगेंद्र वर्मा प्रधान पाठक द्वारा बच्चों ने क्या सिखा, पढने का कोना, एवं दिनचर्या के बारे में विस्तार से चर्चा किया। शिक्षक उत्तम साहू एवं खुमान साहू शिक्षक के द्वारा बहुत से विषयों पर विस्तार से सार्थक चर्चा परिचर्चा किया गया। अतं में प्राचार्य कमलेश गायकवाड़ द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे करें इस पर विशेष रूप से पालकों को बताया गया। साथ में आपार आईडी के बारे में बताया गया। पालक शिक्षक मेगा बैठक में कुलेश्वर ठाकुर, गिरवर सिंह, जितेंद्र साहू, जोहन साहू, हरक साहू, ओमन साहू, धनेश्वर साहू, शैलेंद्र, घनश्याम, कमलेश, लक्ष्मन, इंदरमन, गुलापा साहू, जागृति साहू, टिकेश्वरी साहू, गणेश साहू, पोखन साहू, पुजा साहू, भीम साहू एवं पालक गण उपस्थित रहे। अंत में शिक्षक कुलेश्वर ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 शुभ मुहूर्त में देवी मंदिरों में ज्योति कलश स्थापित



10 दीपावली में रायपुर से अभनपुर तक दौड़ेगी ...



## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

# स्कूल छत का प्लास्टर गिरा, दो बच्चे घायल, सिर पर आई चोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ स्कूल जर्जर स्थिति में, मरम्मत की आवश्यकता

जिले के ऐसे बहुत से शासकीय स्कूल है, जो की वर्तमान में जर्जर हो चुके हैं, किंतु नया भवन नहीं होने की स्थिति में बच्चे आज भी जर्जर भवन में शिक्षा ग्रहण करने मजबूर है। जिसका खामियाजा गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 6 मोहभट्ठा के शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा तीसरी में अध्यनरत छात्रों को चुकाना पड़ा। बता दे कि प्रातः पाली में बच्चे शिक्षा ग्रहण करने स्कूल पहुंचे हुए थे और अपने अध्ययन के लिए कक्षा में बैठे क्लास वर्क कर रहे थे,



तभी अचानक कक्षा की छत का प्लास्टर उखाड़कर गिरने लगा जिससे क्लास में बैठे दो छात्रों के सिर पर गिरने से गंभीर रूप से चोट आई, जिनको प्राथमिक उपचार के लिए शिक्षकों द्वारा जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को राहत मिली। बता दे कि वार्डवासी के द्वारा इससे पूर्व भी भवन की जर्जर स्थिति की सुधार के लिए आवेदन किया था जिस पर महज दो कक्षा की जर्जर छतों की ही संधारण हो पाई थी बाकी कक्षाएं वैसी की वैसी पड़ी हुई थी जिनके परिणाम बीते गुरुवार को देखने को मिला। स्कूल की सभी कक्षाएं मरम्मत करने योग्य है प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। बहरहाल ज्यादा हताहत नहीं हुई है, वही बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी। स्कूल के छात्र बाल बाल बच्चे। पहले भी स्कूल की छत का प्लास्टर गिर चुका था जिसकी शिकायत आम नागरिकों द्वारा किया गया था तब दो कक्षा का ही मरम्मत किया गया था बता दे की स्कूल की सभी कक्षाओं को मरम्मत की आवश्यकता है कक्षा से किचन बाथरूम की स्थिति और भी ज्यादा खराब है ।



बैठक

### उद्योग संचालक ग्रामीणों की अनदेखी करेंगे तो होगी सख्त कार्रवाई

# कलेक्टर ने ली एथेनॉल एवं स्पंज उद्योग संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट में एथेनॉल एवं स्पंज उद्योग संचालकों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने उद्योग संचालकों को ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के साथ आपसी समन्वय और सरल व्यवहार बनाए रखने को कहा। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और स्थानीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जोर दिया कि उद्योग संचालको को ग्रामीण समुदायों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने की आवश्यकता है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ हो सके। उन्होंने कहा की ग्रामीणों की समस्या का निराकरण नहीं होने पर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया की यदि उद्योग संचालक स्थानीय ग्रामीणों से समन्वय एवं सहयोग नहीं करते तो उद्योग पर सख्त कार्यवाही की जाएगी ग्रामीणों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। कलेक्टर द्वारा आयोजित इस बैठक का उद्देश्य उद्योगपतियों और ग्रामीणों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना था। कलेक्टर ने उद्योग संचालकों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों के साथ सरल और सहायक व्यवहार अपनाएं, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य सुचारू रूप से हो सके। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों के विस्तार और संचालन के दौरान ग्रामीणों के हितों और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। यह बैठक उद्योग और ग्रामीण समाज के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण इलाकों में किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

जिला प्रशासन ने उद्योग संचालकों को स्पष्ट किया है कि, ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह उनकी प्राथमिकता है। जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़कों और बिजली की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। साथ ही, प्रशासन स्थानीय समस्याओं को सुनने और उनका शीघ्र समाधान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है, ताकि ग्रामीण समुदायों का जीवन स्तर बेहतर हो सके और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि उद्योग संचालक ग्रामीणों के साथ समन्वय और सहयोग में असफल होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने जोर देकर कहा कि ग्रामीणों के हितों के साथ कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

यदि उद्योग संचालक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करते या ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी करते हैं, तो प्रशासन कड़े कदम उठाएगा। ग्रामीण समुदायों के अधिकारों और उनकी भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध



### आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार करेंगे

उद्योग संचालकों ने आश्वासन दिया की आसपास के ग्रामीण अंचलों की समस्याओं के समाधान के लिए अब उद्योग संचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और वहां की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है। उद्योग संचालकों द्वारा उठाए गए इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार, रोजगार के अवसरों का सृजन, और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही, उद्योग संचालक ग्रामीणों के साथ संवाद और सहयोग को बढ़ावा देकर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार करेंगे, इस दौरान एसडीएम घनश्याम सिंह तवर एवं उद्योग चालक उपस्थित थे।

# बस और बाइक में भिड़ंत, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर घटी घटना

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग पर सीमावर्ती इलाके में नगर देवकर से 2 किलोमीटर दूर गब्दी नाला में गुरुवार की रात एक सड़क हादसा हुआ। जिसमें सवारी बस और दोपहिया वाहन में जोरदार टक्कर से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे को घायल अवस्था में उपचार के लिए दुर्ग भेजा गया। बस को देवकर पुलिस चौकी ने अपने कब्जे में लिया है।

मामले कि जांच धमधा पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है, कि यह दुर्घटना तेज रफ्तार से हुई, जिसमें दुर्ग रोडवेज कम्पनी की बस धमधा से होकर बेमेतरा की ओर जा रही थी। वहीं बाइक में दो युवा सवार होकर देवरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे थे। इस दुर्घटना से आसपास से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। जिस पर देवकर चौकी पुलिस एवं धमधा थाना पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। इसमें परपोड़ी थाना क्षेत्र के लूक गांव निवासी 18 वर्षीय महेश जोशी पिता दुर्गा प्रसाद जोशी की मौके पर मौत हो गई। वहीं लूक गांव का ही दूसरा व्यक्ति गम्भीर रूप में दुर्ग अस्पताल रिफर किया गया। पुलिस द्वारा तुरन्त मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। वहीं मामले में प्रार्थी एवं मृतक के पिता दुर्गा प्रसाद जोशी पिता स्व गोवर्धन जोशी 36 साल द्वारा आरोपी बस चालक के खिलाफ धमधा थाने में एफआईआर दर्ज करायी है, जिस पर पुलिस द्वारा जांच कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त आज होगी जारी

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त देश के 9.4 करोड़ किसानों को 20 हज़ार करोड़ की राशि जारी करेंगे। वहीं बेमेतरा जिले के 1.10 लाख से ज़्यादा किसानों के खातें में 22 करोड़ से अधिक राशि आएगी। महाराष्ट्र के वाशिम जिले में स्थित वायगांव में वृहत किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसका प्रसारण किया जाएगा। उक्त दिवस को प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि उक्त कार्यक्रम पीएम किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 18 वीं का अंतरण समारोह सह-ज़िला स्तरीय किसान सम्मेलन कृषि महाविद्यालय ढोलिया में किया गया है। ज़िला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़ने की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त बेमेतरा जिले के 1,10,376 किसानों को 22 करोड़ 7 लाख 52 हज़ार रुपये बैंक खाते में आयेंगे।

### सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य को दी विदाई



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी के प्राचार्य बीबी गुप्ता के सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई गई। प्राचार्य शिक्षा विभाग में 1987 से 2024 तक लगभग 38 साल के कार्यकाल में छात्र-छात्राओं, विद्यालय स्टाफ एवं प्रबंधक सहित अभिवावकों के दिल में स्थान बनाया। इस दौरान विदा होते समय सभी की आंखे को नम हो गईं। विद्यालय के शिक्षकगण एवम विद्यार्थियों ने प्राचार्य बीबी गुप्ता को नारियल, शॉल प्रतीक चिन्ह मोमेंटो एवं फोटो फ्रेम भेंट दिया गया। श्री गुप्ता ने अपना ▸▸| शेष पेज 10 पर

# पीएम आवास की भर्ती प्रक्रिया में अवहेलना, दो कर्मचारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया में निर्धारित कार्यों की अवहेलना करने पर जिला पंचायत बेमेतरा के दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबित कर्मचारियों में मनीष जैन, सहायक ग्रेड-03, मूल पदस्थापना जनपद पंचायत नवागढ़ जिला पंचायत बेमेतरा और योगेश्वर सार्वा, सहायक ग्रेड-2 को मूल पदस्थापना जनपद पंचायत नवागढ़ जिला पंचायत बेमेतरा शामिल है। इन कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्हें पदवार आवेदनों को अद्यतन करने, रजिस्टर संधारण करने और आवेदन को सुरक्षित रखने का कार्य सौंपा गया था, जिसे उन्होंने निष्पादित करने से इंकार कर दिया। साथ ही उन्होंने उच्च अधिकारियों के आदेशों और निर्देशों की अवहेलना करते हुए स्वेच्छाचारिता का प्रदर्शन किया।

इस गंभीर मामले को कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा निलंबन के आदेश जारी किए गए।

दोनों कर्मचारियों का यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 और छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के विरुद्ध पाया गया। उन्हें नियम 4(2) के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत संसाधन केंद्र, बेमेतरा डीपीआरसी निर्धारित किया गया है। नियमानुसार, निलंबन के दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

# छायाचित्र प्रदर्शनी में गिनाई जा रही प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ तीन दिनों तक बड़ी स्क्रीन से दी गई योजनाओं की जानकारी

ज़िला मुख्यालय के माता भद्रकाली मंदिर वाले रास्ते में छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी 3 अक्टूबर से शुरू हुई है , जो 5 अक्टूबर तक रहेगी। प्रदर्शनी में बड़ी एलईडी स्क्रीन के ज़रिए केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है। दिन और रात्रि में लोककला, जत्था के ज़रिए राज्य सरकार की योजनों व लाभान्वित हितग्राहियों के साथ ही उपलब्धियां गिनाई जा रही। लोगों को लोक कला नृत्य व संगीत की धुन के साथ बताया जा रहा है। शासन की छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जो कार्य किया है, बड़ी स्क्रीन (एलईडी) से राज्य शासन की चल रही सॉफ़्ट स्टोरी से योजनाओं को सरलता से समझ रहे हैं। जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अलावा महिला सशक्तीकरण को बेहद आसान शब्दों में दर्शाया गया है। नई पीढ़ी के युवा ने कहा ▸▸| शेष पेज 10 पर



### श्रमिक कल्याण योजनाओं की दी जानकारी

लोगों को प्रदर्शनी देखकर उन्हें राज्य शासन द्वारा पढ़े-लिखे बेरोजगारों युवाओं के लिए संचालित योजनाओं के साथ ही श्रमिक कल्याण योजनाओं की भी जानकारी मिली है। प्रदर्शनी से ही बहुत सारे बेरोजगार युवाओं को जानकारी मिली है। उम्मीद है कि वे शासन के इन योजनाओं का लाभ जरूर लेंगे। प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग के लिए साईं ऑफिस आटोमेशन रायपुर द्वारा लगायी गयी है।

**प्रदर्शनी को मिल रहा अच्छा प्रतिसादः** प्रदर्शनी में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। तमाम लोग सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र होने के बाद भी इसका लाभ ▸▸| शेष पेज 10 पर

### शिविर में 116 वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

# वृद्धजन दिवसः शिविर में 175 मरीजों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वयोवृद्ध व्यक्तियों के चिकित्सकीय जांच, परीक्षण एवं उपचार के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में वृद्धजन हेतु निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर 30 शुरू हुआ जो 5 अक्टूबर तक चलेगा। शिविर में बेमेतरा वृद्ध आश्रम के 8 वृद्धजनों की भी फ्री हेल्थ चेकअप किया गया । इस शिविर में आईईसी,बुकलेट, पंपलेट का वितरण भी किया गया जिसमें स्वास्थ्य के प्रति लोग जागरूक हो ।

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में वृद्धजन हेतु निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें बुजुर्गो का पीला कार्ड के द्वारा निशुल्क पंजीयन, स्क्रीनिंग कर उनकी देखभाल, चिकित्सकीय उपचार चिकित्सकों द्वारा किया गया। बुजुर्गो की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। वृद्धावस्था में आमतौर पर दृष्टि में धुंधलापन, पढने में कठिनाई, पीठ और गर्दन में दर्द इत्यादि संबंधी समस्याएं पायी जाती है। आयोजित शिविर में कुल 116 वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें आये हुए मरीजों में उच्च रक्तचाप मरीज के 14, डायबिटीज के साथ शूगर 26, दांत की समस्या वाले 7, बदन दर्द 4, त्वचा संबंधी 4, श्वास संबंधी 1 तथा अन्य 3 का चिकित्सकीय उपचार किया गया एवं 46 वरिष्ठ लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया साथ ही चिन्हित वृद्धजनों एवं मोतियाबिंद मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया 13 को चस्मा वितरण किया गया। शिविर में आये हुये वयोवृद्धों के लिये फल,नाश्ता चाय पानी, का वितरण कर वृद्धावस्था में लिये जाने वाले पौष्टिक आहार संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे , डॉ. के डी साहू एम डी मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ प्रतीक शर्मा , डॉ विजया रमन दंत चिकित्सक, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु , हिना सिन्हा डी पी एच एन, विजय देवांगन नोडल नेत्र चिकित्सा , संजय तिवारी एमएलटी (आईसीटीसी),किशन रत्नाकर फिजियोथेरेपिस्ट, नरेंद्र वर्मा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट,गौरव साहू ओडियोमेट्रिक,प्रीति जांघेल पी एस डब्ल्यू,अनिता बाघमार स्टाफ नर्स, प्रियंका यदु, गोविंद सिंह एन सी डी परामर्शदाता, नवल किशोर शरद नवरंगे फार्मासिस्ट, देनश्वर साहू,जिला चिकित्सालय, सहित अन्य डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्टॉफ के साथ मितानिन उपस्थित रहे।



### अवंतीबाई लोधी पुरस्कार के लिए आवेदन 10 तक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला बेमेतरा में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर 10 अक्टूबर तक उक्त कार्यालय में जमा कर सकते है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने आमंत्रण

**रायपुर** । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 5 और 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने का आमंत्रण गुरुवार को भारतीय सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने दिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### राज्य स्थापना दिवस पर अवकाश

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। जीएडी द्वारा जारी आदेश में राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों में अवकाश रहेगा। बैंक, कोषालय, उप कोषालय और वित्तीय संस्थानों में यह आदेश लागू नहीं होगा।

### राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी बने प्रवास

**रायपुर**। राज्य शासन ने प्रवास कुमार सिंह बघेल को राजनांदगांव का नया जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। वे सहायक संचालक संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में पदस्थ थे। शिक्षा विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि सहायक संचालक आदित्य खरे को राजनांदगांव के डीईओ के एडिशनल चार्ज से मुक्त कर दिया गया है।

### केनाल रोड अंधेरे में डूबा

**रायपुर**। अमलीडीह से कटोरा तालाब जाने वाला केनाल रोड में लगी ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी हैं। इसके कारण केनाल रोड अब रात के समय में अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को खराब हुए महीने भर से ज्यादा समय हो चुका है। इसके बाद भी इसे सुधारा नहीं जा रहा है।

### दक्षिण सीट के लिए क्षत्रिय, ठाकुर, राजपूत समाज ने मांगा टिकट

**रायपुर**। क्षत्रिय राजपूत ठाकुर समाज की ओर से दक्षिण विधानसभा की खाली सीट और होने वाले उप चुनाव के लिए पहली दावेदारी की गई। समाज ने एक स्वर में रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में कांग्रेस सहित सभी राजनैतिक पार्टियों से समाज को अवसर देने की मांग रखी है। लोगों ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में समाज के 12000 से अधिक मतदाता हैं। समाज में कई लोग हैं, जो राजनीतिक, सामाजिक रूप से पहचान रखते हैं। इनमें एक मनोज सिंह ठाकुर भी हैं। इनके परिवार ने हमेशा कांग्रेस की सेवा की है। इनका न केवल समाज, अपितु शहर में प्रभाव व सम्मान है।

### इंदिरा फैलोशिप के माध्यम से महिला शक्ति अभियान की घोषणा

**रायपुर**। इंदिरा फैलोशिप कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक पहल है, जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की स्मृति में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।



जय महावीर कुंवा पारा चौक अम्बे समिति मनियारी में स्थापित माता।



बजरंग चौंक नवदुर्गा समिति ग्राम संडी में स्थापित माता



नवयुवक दुर्गा समिति ग्राम सलधा में स्थापित माता।


**पर्व : जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों के पंडालों में मां दुर्गा हुई विराजमान**

# शुभ मुहूर्त में देवी मंदिरों में ज्योति कलशों की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के विभिन्न शहरों गांव के चौक चौराहों पर देवी मां की मूर्ति विराजित की गई है। इसके साथ ही देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की भी स्थापना शुभ मुहूर्त में की गई। इस बार नगर के प्रमुख मंदिरों में तेल एवं घृत मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना शुभ मुहूर्त में की गई है। इस संबंध में माता महामाई मंदिर के पिंटू रोहरा ने बताया कि इस साल यहां कुल 35 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है, जिसमें चार घृत मनोकामना ज्योति कलश शामिल हैं। अभिजीत मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

इस मंदिर में आचार्य रामजी पाठक द्वारा दुर्गा सप्त दुर्गा सप्तशती पाठ पूरे पर्व किया जाएगा। इसी प्रकार से मनोकामना ज्योति कलश मां शीतला मंदिर में इस साल कुल 296 तेल जो तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है एवं अट्ठारह घृत ज्योति कलश तथा एक संस्था द्वारा कलश की स्थापना की गई है। यहां कुल 314 ज्योति कलश की स्थापना अभिजीत मुहूर्त में आचार्य रोशन मिश्रा द्वारा की गई है। यहां पर प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ का पठन किया जाएगा। इसी तरह माता भद्रकाली मंदिर में भी मनोकामना तेल ज्योति कलश स्थापित किए गए है। संस्था के अध्यक्ष उत्तम माहेश्वरी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में कुल 1583 तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है, जिसमें एक संस्था द्वारा भी ज्योति कलश स्थापित किया गया है। यहां प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ का होगा, जो 5 पंडितों द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा आनंद प्रकाश साहू ने बताया कि मां बम्लेश्वरी मंदिर में 6 मनोकामना तेल ज्योत की स्थापना ब्रह्म मुहूर्त पर प्रमोद शर्मा द्वारा की गई तथा मा गायत्री मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना विभिन्न महोत्सव में आचार्य के सानिध्य में की गई।





**श्रद्धा भक्ति के साथ भक्त 9 दिनों तक करेंगे आराधना**



### गाजे-बाजे के साथ देवी मां की स्थापना

वहीं शारदीय नवरात्रि पर्व में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरी निकाय क्षेत्रों के चौक चौराहे, सार्वजनिक मंच एवं पंडालों में देवी मां की विभिन्न रूपों की मूर्ति की स्थापना शुभ मुहूर्त में की गई। इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई श्रद्धालुओं के घरों में मनोकामना ज्योति की स्थापना की गई है।

### माँ कालिका भैरव बाबा दरबार में ब्रह्ममूर्त ज्योति प्रज्ज्वलित

जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 18 में स्थित मां कालिका मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त पर रविवार को ज्योति स्थापित की गई। प्रतिदिन की गई संस्था के सदस्य विजय सिन्हा ने जानकारी देते बताएं कि इस शारदियनवरात्रि पर्व मे कुल ज्योति 50 प्रज्ज्वलित हो रही है। पहला दरबार है जहां एक साथ माताज़ी के दर्शन पश्चात बाबा महाभैरव का दर्शन एक साथ श्रद्धालुओं को प्राप्त होता है।

### रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाया मंदिर



**थान खम्हरिया**। शारदीय नवरात्रि पर ज्योत जंवारा के साथ मंदिर झालर, लाइट से जगमगा रहे हैं। दर्शन आरती लिए लोग पहुंच रहे हैं। प्राचीन माई मंदिर में 69 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई है। पं. रामविलास शर्मा ने बताया मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और साधकों को अनंत कोटि फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की भावना जागृत होती है। सिद्धपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर में 222 ज्योत प्रज्ज्वलिज्की गई है। पं. प्रकाश तिवारी ने बताया नवरात्रि से वातावरण के तमस का अंत होता है और सात्विकता की शुरुआत होती है। मन में उल्लास, उमंग और उत्साह की वृद्धि होती है। दुनिया में सारी शक्ति नारी स्त्री के पास है। इसलिए देवी की उपासना की जाती है। शीतला मंदिर भाटापारा वार्ड 14 में 61 ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। पं. संजय तिवारी ने बताया कि नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है। इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय, आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। मां महामाया मंदिर कुम्हार पारा में 25 ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। सेवक छेलू कुंभकार, योगेश कुंभकार माता सेवा में समर्पित है। आचार्य नरेश महाराज अपनी सेवा दे रहे हैं। जय मां शीतला मंदिर पटेल पारा में 132 ज्योत की स्थापना की गई है। कुटी दुर्गा मंदिर में 93 ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। पं. सुरेश शर्मा ने बताया यह पर्व हिंदुओं के प्रमुख त्यौहार में से एक है। इन दिनों में भक्त देवी पूजा करते हैं।

### नेवनारा में निकाली गई कलश यात्रा ...



**बेरला**। नेवनारा में क्वार नवरात्रि में मां दुर्गा के आगमन पर विगत दो वर्षों से कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है। हर वर्ष कि भांति इस भी ग्राम नेवनारा में सार्वजनिक बाल दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें लगभग 300 कलश सजाकर गांव की बहन व माताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जय जागृति जस झांकी परिवार द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पं. जितेन्द्र चौबे द्वारा नवरात्रि में माता दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा कर प्रतिदिवस पाठ किया जाता है।

# महाराजा अग्रसेन अहिंसा के पुजारी व शांति के दूत थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

- नगर में मनी महाराजा अग्रसेन की जयंती

नगर में श्री अग्रसेन महाराज की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। भारतीय परम्पराओं के अनुसार दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युगबोध अग्रवाल, प्रेम सिंघानिया , क्रांति अग्रवाल, विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष तितली गौरव बिंदल व विजय बुधीया के सानिध्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने कहा रिश्तो को कैसे सवारे परिवार तो बढ़ गया, लेकिन परिवार में खुशहाली नहीं है।

इस पर चिंतन करने की बात कही। उन्होंने कहा महाराजा अग्रसेन अग्रोहा के महान राजा थे। जिन्हें अपने कल्याणकारी योजनाओं के लिए एक महान शासक माना जाता है। वैश्य समुदाय में भी उनका ग्रहणी स्थान माना जाता है। महाराजा अग्रसेन ने सबसे पहले एक ईंट और 1 रुपया का विचार दिया। जिससे कई लोगों का अपने घर और कारोबार का सपना पूरा हुआ। प्रेम सिंघानिया ने कहा आज का दिन ऐतिहासिक क्षण है। हर क्षेत्र मैं अग्रवाल समाज का सहयोग रहता है। उसके बावजूद हम क्यों पिछड़े हैं। अन्य समाजों में भी हमारा समाज सहयोग की भावना रखता है।

महाराजा अग्रसेन कर्मयोगी लोकनायक तो थे। ही संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निर्माता भी थे। वह समाजवाद के प्रणेता गणतंत्र के संस्थापक अहिंसा के पुजारी शांति के दूत थे। अग्रसेन जयंती को नगर में 50 वर्ष पूर्ण होने पर उनके उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला। सराहनीय कार्यक्रम आयोजन की प्रशंसा की




इसके पश्चात कार्यक्रम को पुरुषोत्तम सिंघानिया , पुरुषोत्तम अग्रवाल ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंकज अग्रवाल, जीवेश डोकानिया , साकेत अग्रवाल, गौरव बिंदल, सुरेंद्र सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, हरि अग्रवाल, राजेश सिंघानिया, गोपी अग्रवाल, सुरेश सिंघानिया, मुन्ना सिंघानिया ,रौनक अग्रवाल, मनोज मुरारका, रौनक मुरारका, आशीष बंसल , पुरुषोत्तम अग्रवाल, गोपाल कागलीवाल, राधेश्याम अग्रवाल, संतोष केडिया, आशुतोष सिंघानिया, गौतम केडिया, सुमित केडिया, नरसिंग केडिया, शिवेंद्र बिंदल, कान्हा बिंदल आदि उपस्थित थे।

**नवरात्रि पर मन्दिर में मनोकामना व ज्योति कलश की स्थापना**

# जिले में प्रसिद्ध है बिरनपुर की देवी शक्तिमाता, मंदिर की महिमा निराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के साजा विकासखंड मुख्यालय से कवर्धा मार्ग पर मात्र 15 किलोमीटर दूर सीमावर्ती इलाके में स्थित शक्तिघाट बिरनपुर में दशकों से प्रसिद्ध देवी शक्तिमाता का भव्य पौराणिक मन्दिर विराजमान है। जहां पर हर साल चैत्र नवरात्रि एवं शारदा नवरात्रि पर 9 दिनों तक हज़ारों की संख्या में मनोकामना ज्योत कलश स्थापित किए जाते हैं। वहीं इस दौरान नवरात्रि पूर्व से ही गांव के मंदिर समिति द्वारा सजावट से लेकर अन्य विभिन्न प्रकार की तैयारियां भी शुरू कर दी जाती है। वहीं क्षेत्र के विख्यात इस शक्तिमाता मंदिर में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ततपश्चात नवरात्रि के समापन पर ज्योत-जंवारा को स्थानीय नहर में विर्सजित किया जाता है। पूरे नौ दिनों तक मन्दिर प्रांगण में भव्य मेला का भी आयोजन होता है।



फिलहाल इस मंदिर में काफी एक पुरानी परंपरा चली आ रही है, जिसके अनुसार इस क्षेत्र से गुजरने वाले प्रत्येक बस वाहन के चालक बकायदा चलती सवारी गाड़ी को खड़ी कर देवी माता के पास जाकर दर्शन करते हुए नारियल चढ़ाते हैं, फिर उसके बाद सफर के लिए आगे बढ़ते हैं। ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित हो। इस कारण समूचे क्षेत्र में इसकी प्रसिद्धि एवं ख्याति है। जबकि मन्दिर के इतिहास पर नज़र डाले तो इसका प्रमाण आज से कई दशकों से निरन्तर बना हुआ है। नदी किनारे इमली के पेड़ से लगा देवी शक्तिमाता का प्रतिमा विराजमान है, जिसकी पूजा गांव के सभी लोगों द्वारा की जाती है। वहीं प्राचीन लोक कथाओं में गौर करें तो इस जगह को एक सिद्ध सती माता के सती होने के कारण इस गांव का नामकरण शक्तिघाट हुआ। जिसे अब स्थानीय लोग बिरनपुर के नाम से जानते हैं। उल्लेखनीय है कि शक्तिघाट बिरनपुर स्थानीय साजा विधायक ईश्वर साहू का गृहग्राम है, जहां विगत वर्ष अपने चुनावी अभियान की शुरुआत विधायक ईश्वर साहू ने आम आदमी के रूप में इसी मंदिर में पूजा अर्चना कर शुरू की थी। इस गांव में शक्तिमाता मन्दिर को लेकर पौराणिक दावे है तो वहीं माता की मूर्ति से जुड़े इमली के पेड़ को लेकर भी कई चमत्कारिक व रहस्यमयी बाते सामने आ रही है। देवी मंदिर करीब 4 से 5 दशक पुराना है। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से मन्दिर के पुराने कवच को नुकसान पहुंचाए बगैर वर्ष 2004 में जीर्णोद्धार किया गया।

### नौ दिनों तक दर्शन के लिए दूर-दराज से पहुंचते हैं श्रद्धालु

#### गांव में बनी रहती है सुख-समृद्धि

इस मन्दिर में मैं निरन्तर कई दशकों से सेवा दे रहा हूं, देवी शक्तिमाता की आराधना से गांव में सुख समृद्धि एवं शान्ति रहती है। इस मन्दिर के नाम पर ही गांव का नाम शक्तिघाट पड़ा।

**- दिनेश चौबे, पुजारी-शक्तिमाता मन्दिर बिरनपुर**

#### क्षेत्र का गौरव है यह मंदिर

दरअसल हमारे गांव का यह मंदिर क्षेत्र के लिए गौरव है, जिसे संवारने के लिए शासन-प्रशासन को विशेष ध्यान देनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में गांव का नाम रौशन हो।

**- देव नारायण साहू
ग्राम पटेल प्रमुख-बिरनपुर**

#### यहां कई चमत्कारिक घटनाएं हुई

चूंकि गांव में बीते तीन-चार दशक से मन्दिर समिति से जुड़ा हूं, इस मन्दिर में इमली पेड़ से लेकर पूर्वजों तक की अन्य कई चमत्कारिक घटनाओं ने इसे रहस्यमयी बना दिया है।

**भुवनलाल साहू
कोषाध्यक्ष-मन्दिर समिति बिरनपुर**

कई मान्यताएं जुड़ी है मंदिर से विगत वर्ष क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने यही से अपने राजनीतिक जीवन का आगाज किया था, जिसे चुनाव में जबरदस्त सफलता मिली। इसी प्रकार अनेक मान्यताएं एवं कथाएं इस मंदिर से जुड़ी हुई है।

**- लुकराम साहू, ग्रामीण बिरनपुर,**

